30/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान की प्रस्तावना से निकलता है जो एक महान एकीकृत शक्ति है और एक बड़े लोकतंत्र को सबसे साहसिक निर्णय लेने में मदद करती है। उपराष्ट्रपति ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस का उत्सव नागरिकों को याद दिलाता है कि देश में सभी के लिए न्याय, समानता और भाईचारा होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि विशेषाधिकार प्राप्त वंशावली निष्पक्ष खेल, समानता, योग्यता के विपरीत है और समानता के खिलाफ है और यह अब समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि आज शासन में परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही है जिसने भ्रष्टाचार को बेअसर कर दिया है। उन्होंने कहा कि डाईरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के साथ अब लाभार्थी बिना किसी हस्तक्षेप के सीधे अपना लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पूर्वोत्तर देश में विशेष रूप से कल्पना को आकर्षित करता है।

उन्होंने कहा कि 90 के दशक में लुक ईस्ट पॉलिसी नामक नीति बनाई गई थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और अधिक कार्यात्मक स्तर पर ले जाकर 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' बना दिया। राज्य के लोगों की ओर से उप राष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनकड़ का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने क हा कि पिछले दस वर्षों में अरुणाचल प्रदेश बहुत तेजी से विकास कर रहा है।

श्री खांडू ने अरुणाचल और पूर्वोत्तर के विकास में अपना पूरा समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी धन्यवाद दिया। इससे पहले उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज राजीव गांधी विशविद्यालय, रोनोहिल्स, दोईमुख के 22वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। दीक्षांत समारोह मे छात्रों को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि इस शैक्षणिक संस्थान से बाहर निकलने का मतलब यह नही है कि आप सीखना बंद कर देंगे क्योंकि सीखना आजीवन चलता रहता है। उन्होने कहा कि छात्रों को अपने पूरे जीवन में सीखना होता है और परिवर्तन ही एकमात्र स्थिर चीज हैं। अपने संबोधन में श्री धनखड़ ने आर जी यू के छात्रो और संकाय सदस्यो को संसद का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होने सांसदो से एक सौ चालीस करोड़ लोगों द्वारा उन पर किए गए भरोसे को सहीं ठहराने और उसे साबित करने का आग्रह किया। इससे पहले, राज्यपाल के. टी. परनाइक, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने होलोंगी हवाई अड्डे पर उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

0000000000000000000

भारतीय सेना ने शुक्रवार को चांगलांग जिले के बोरदुमसा में सामुदायिक केंद्र में एक पारंपरिक हस्तशिल्प कौशल केंद्र का उदघाटन किया। भारतीय सेना की यह पहल विशेष रुप से सक्षम युवाओं को उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। यह केंद्र क्षेत्र में समावेशिता और सामाजिक - आर्थिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कौशल केंद्र को बांस के काम, बुनाई, लकड़ी की नक्काशी और पारंपरिक कढ़ाई सहित पारंपरिक शिल्प सिखाने के लिए डीजाइन किया गया है। स्थानीय प्रतिनिधियों, युवाओं और समन्वयको ने इस पहल के लिए सुरक्षा बलों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है।

0000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला उपायुक्त विवेक एच पी ने लोगों की सुरक्षा के लिए अस्पतालों, कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थानों में चाकू, दाव जैसे धारदार औजारों को ले जाने को प्रतिबंद लगाने का प्रस्ताव रखा। गुरुवार को लोअर सुबनसिरी जिले के मिनी सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों समुदाय आधारित संगठनों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान जिला उपायुक्त यह प्रस्ताव रखा। बैठक का उद्देश्य प्रमुख चुनौतियों का सामाधान करना और जीरो वैली के लिए एक टिकाउ भविष्य के कल्पना करना था। जीरो वैली में वनों की कटाई पर चिंता जताते हुए जिला उपायुक्त ने वन विभाग़ से वन संरक्षण कानूनों को सख्ती से लागू करने को कहा। बैठक में एक बड़ी पहल के रुप में जिला प्रशासन ने आगामी बीस फरवरी दो हजार पच्चीस तक जीरों को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने की घोषणा की।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पैरा एथलिटो ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में संपन्न हुए पहले नॉर्थ ईस्ट पैरा गेम्स में पंद्रह स्वर्ण, इक्कीस रजत और सत्रह कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश असम के बाद दूसरे स्थान पर रहा जबकि त्रिपुरा तीसरे स्थान पर रहा।

0000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिला उपायुक्त आकृति सागर ने शुक्रवार को बोमडिला स्थित जनरल अस्पताल ब्लड सेंटर में सोलर प्लांट का उद्घाटन किया। सोलर प्लांट की स्थापना जिला उपायुक्त द्वारा अपने अन्टाईड फंड से दी गई वित्तीय सहायता से की गई। सोलर प्रौजेक्ट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला उपायुक्त ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और आगे बढ़ाने के लिए किसी भी पहल का समर्थन करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में जनरल अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

00000000000000000000

वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ सहायक प्रोफेसर डॉ. वांगडा ग्यात्सो ज़ाना द्वारा लिखित शोध आधारित पुस्तक, “Promotion and Development of Tourism in Arunachal Pradesh: A Marketing Perspective Study” का विमोचन शुक्रवार को देरा नातुंग राजकीय महाविद्यालय, के प्राचार्य डॉ. एम क्यू खान द्वारा किया गया। डॉ. वांगड़ा द्वारा लिखि गई यह पुस्तक विपणन के दृष्टकोण से राज्य में पर्यटन के संवर्धन और विकास पर विस्तृत जानकारी देती है। इस पुस्तक में यह तर्क देने का प्रयास किया गया है कि अविश्वसनीय पर्यटन संसाधनों से संपन्न होने के बावजूद राज्य अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन बाजार में एक पर्यटन स्थल ब्रांड के रुप में अपनी पहचान क्यों नहीं बना पाया है।